डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

आवश्यक सूचना–चतुर्थ

{सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत सम सेमेस्टर एवं अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक}

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय एवं इससे सम्बद्ध / सम्बद्ध रह चुके महाविद्यालयों / संस्थाओं में संचालित समस्त सेमेस्टर / वार्षिकी पाठ्यक्रमों की सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत वार्षिकी / सम सेमेस्टर एवं अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत् अर्ह विद्यार्थियों के लिए कार्यालय के निर्गत पत्र संख्या सी.ओ.ई–177 दिनांक 04.01.2021 में उल्लिखित व्यवस्थान्तर्गत बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021 के आयोजन से पूर्व प्रकियान्तर्गत संबंधित अर्ह विद्यार्थियों से ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्पश्चात् ऐसे विद्यार्थियों जिनके द्वारा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन नहीं किया जा सका है, के अनुरोध के दृष्टिगत् कार्यालय के निर्गत सूचना संदर्भ संख्या सी.ओ.ई.187 दिनांक 13.01.2021 तथा सी.ओ.ई 201 दिनांक 19.01.2021 के द्वारा दिनांक 23.01.2021 तक ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरे जाने हेतु विस्तारित किया गया था।

तत्क्रम में वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 8वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त संदर्भ संख्या सी.ओ.ई. 209 दिनांक 29.01.2021 के बिन्दु संख्या–05 / 08 पर विद्यार्थियों के भविष्य हित के दृष्टिगत् कोविड–19 वैश्विक महामारी के संकट से उत्पन्न विषम परिस्थितयों के दृष्टिगत् तथा अन्य विश्वविद्यालयों की भॉति प्रत्येक वर्ष के दोनो अधिसत्रों में कुल मिलाकर अथवा पृथक–पृथक अधिसत्र में 04 या 04 से कम प्रश्न–पत्रों में बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभाग किये जाने तथा अगले सेमेस्टर में नियमानुसार प्रोन्नत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उक्त निर्णय के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष के दोनो अधिसत्रों में कुल मिलाकर अथवा पृथक–पृथक अधिसत्र में 04 या 04 से कम प्रश्न–पत्रों में बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु संबंधित अर्ह विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि पूर्व में निर्गत पत्र संख्या सी.ओ.ई–177 दिनांक 04.01.2021 में आवेदन भरे जाने हेतु उल्लिखित व्यवस्थानुसार बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021 के आयोजन से पूर्व प्रकियान्तर्गत ऑन लाइन परीक्षा आवेदन दिनांक 30.01.2021 से दिनांक 10.02.2021 तक भरा जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण होने के कारण बैक पेपर भरा गया है उससे संबंधित निर्गत की गई अंकतालिका तथा जमा किये गये निर्धारित शुल्क के संगत अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करते हुए संबंधित विभाग में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः CoE-210 / FNo.CoE-165A-Vth/Exam/BackPaperExam 2021/DSMNRU / 2020–21 दिनांकः 30.01.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्तानुसार निर्णय के अनुपालन में अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित / सूचित करने का कष्ट करें तथा संबंधित विद्यार्थियों के प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों (मय संलग्नक सहित) को अग्रसारित करते हुए सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
5. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. समस्त विभागीय पटल सहायक, को अनुपालनार्थ।
8. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय के साथ कि वे अपने स्तर से भी संबंधित अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग को अनुपालनार्थ।

30/1/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक